दिनांक : 20/05/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

- प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी ने कहा-भारत में नॉर्डिक देशों का निवेश दो सौ प्रतिशत तक बढा है।
- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की आज गूगल की टीम के साथ उच्च स्तरीय रणनीतिक बैठक।
- नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्र के लिये 330 करोड़ रूपये की माइक्रो डेवलपमेंट योजना।
- मध्यप्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में, नौगांव में 47 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान।

प्रधानमंत्री-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नॉर्डिक देशों के साथ भारत की भागीदारी को पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकी और नवाचार रणनीतिक भागीदारी के स्तर पर ले जाने का निर्णय लिया गया है। नार्वे की राजधानी ओस्लो में आयोजित तीसरे भारत नॉर्डिक सम्मेलन के बाद श्री मोदी ने कहा कि भारत और नॉर्डिक क्षेत्र सतत विकास में नॉर्डिक देशों की विशेज्ञता को भारत के व्यापक स्तर के साथ जोडकर भविष्य के लिए भरोसेमंद वैश्विक समाधान विकसित कर सकते हैं। श्री मोदी ने भारत-नॉर्डिक संबंधों में वृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि - पिछले एक दशक में व्यापार में चार गुना वृद्धि हुई है और भारत में नॉर्डिक देशों का निवेश दो सौ प्रतिशत तक बढा है।

गूगल प्रतिनिधि-मुख्यमंत्री-बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मध्यप्रदेश और गूगल के बीच दीर्घकालिक तकनीकी साझेदारी, उन्नत क्लाउड तकनीकों और एआई आधारित समाधानों के उपयोग पर गूगल के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ उच्च स्तरीय रणनीतिक चर्चा करेंगे। भोपाल हो रही इस बैठक में मध्यप्रदेश में एआई आधारित डिजिटल परिवर्तन, स्मार्ट गवर्नेंस और तकनीक आधारित विकास को नई दिशा प्रदान करेगी।

नक्सल प्रभावितः माइक्रो डेवलपमेंट योजना

छत्तीसगढ़ के बस्तर में कल आयोजित मध्य क्षेत्रीय बैठक में मुख्यंत्री मोहन यादव ने प्रदेश में किए गए जनकल्याणकारी कार्यों और सुशासन के प्रयासों की जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों में विशेष प्रयासों से सफलता प्राप्त की गई। प्रदेश में नक्सलवाद से प्रभावित रहे ग्रामों के लिए 330 करोड़ रुपये लागत की माइक्रो डेवलपमेंट योजना लागू की गई है। अलग-अलग योजनाओं के तहत सड़क, पुल, मोबाइल टॉवर, नई सुरक्षा व्यवस्थाएं स्थापित की जा रही हैं।

उत्पादन- केंद्रीय कृषि मंत्री

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान ने कहा है कि देश आज धान और गेहूं के उत्पादन में मजबूत स्थिति में है, लेकिन दलहन और तिलहन के क्षेत्र में अभी आत्मनिर्भरता हासिल करना बाकी है। कल भुवनेष्वर में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय खरीफ कृषि जोनल कान्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत की कृषि को नई ऊचांई देने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच विषय- विशेष, क्षेत्र विशेष और राज्य विशेष रोडमैप के साथ आगे बढना जरूरी है।

दवा दुकानें-बंद आव्हान

मध्यप्रदेश केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के बंद के आव्हान के चलते आमजनों को दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के लिये बंद के दौरान प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र, शासकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों तथा निजी अस्पतालों में संचालित फार्मेसी खुले रहेगें। गौरतलब है कि ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में आज प्रदेश भर में दवा दुकानें बंद रहेंगी। भोपाल के सैंकड़ों मेडिकल स्टोर इस हड़ताल में शामिल हो रहे हैं। नीमच और आगरमालवा में औषधि विक्रेताओं द्वारा प्रतिष्ठान बंद रखे जाने की सूचना दी गई है। लेकिन जिले में आमजन और मरीजों को जरूरी दवाइयां मिल सकें, इसके लिए सरकारी और निजी अस्पतालों के कुछ मेडिकल स्टोर खुले रहेंगे।

जल गंगा संवर्धन अभियान

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा उज्जैन में 25-26 मई को शिप्रा तीर्थ परिक्रमा का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही, वीर भारत न्यास द्वारा भोपाल में भारत भवन में 27 मई से 2 जून तक सदानीरा समागम का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार और महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि उज्जैन में गंगा दशमी के अवसर पर होने वाली शिप्रा तीर्थ परिक्रमा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण आयोजन है। भारत भवन में सदानीरा समागम का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुभारंभ करेंगे।

रेलवे विद्युतीकरण

भारतीय रेल ने ब्रॉड गेज नेटवर्क का 99 दशमलव 6 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस वर्ष मार्च तक, ब्रॉड गेज रेलवे लाइन का 69 हजार आठ सौ 73 किलोमीटर से अधिक मार्ग विद्युतीकृत हो चुका था। इस उपलब्धि के साथ, भारत ने यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और अमरीका सहित कई प्रमुख देशों को पीछे छोड़ दिया है।

प्रधानमंत्री संग्रहालय

नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय में आज से आगंतुक महात्मा गांधी के एआई आधारित थ्री-डी अवतार से बातचीत कर सकेंगे। अत्याधुनिक तकनीक से तैयार यह थ्री-डी अवतार बापू के विचारों और व्यक्तित्व को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगा। संग्रहालय के अधिकारियों के अनुसार, आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तकनीक का उपयोग बढ़ाया गया है। यह संग्रहालय का तीसरा एआई आधारित इंटरएक्टिव होलोबॉक्स होगा।

भोजशाला -महोत्सव

हाईकोर्ट के फैसले के बाद धार की भोजशाला में कल महासत्याग्रह और महाविजय महोत्सव मनाया गया। मां वाग्देवी की महाआरती, हवन और अखंड ज्योति स्थापना के साथ श्रद्धालुओं ने जश्न मनाया। पूरा परिसर में बसंत पंचमी जैसा माहौल नजर आया। श्रद्धालुओं की मांग है कि मां वाग्देवी की मूल प्रतिमा को लंदन से वापस लाकर यहां स्थापित किया जाए।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में कल राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही राजस्थान की प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना बनी हुई है। प्रतियोगिता में आज कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। यह मैच कोलकाता में शाम साढे सात बजे शुरू होगा।

मौसम

प्रदेश भीषण गर्मी और तेज लू की चपेट में है और इसका असर अब जनजीवन पर भी दिखाई देने लगा है। कल प्रदेश में तेज गर्मी और लू जैसे हालात के बीच दो लोगों की मौत हो गई। दोनों को लू लगने की आशंका जताई गई है। राजधानी भोपाल और इंदौर समेत प्रदेश के कई जिलों में गर्म हवाएं चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान छतरपुर जिले के नौगांव में 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.7 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन प्रदेश में भीषण गर्मी और तापमान में 2 से 3 डिग्री तक और बढ़ोतरी का अनुमान जताया है। कई शहरों में लू जैसे हालात बने हुए हैं और फिलहाल राहत के संकेत नहीं हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- शिवपुरी जिले में "युवा संगम" जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 28 मई को शासकीय आई.टी.आई., झांसी रोड में किया जाएगा।
- सतना के शासकीय आईटीआई कॉलेज बिरला रोड में आज 11 बजे से 2 बजे तक युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।
- कल डिंडोरी के विकासखंड अमरपुर के ग्राम नांदा में आयोजित क्षीरधारा ग्राम योजना शिविर में पशुपालकों को पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की जानकारी दी गई।

- इंदौर में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत अब तक 15, हजार इक्वावन एक्स-रे किए जा चुके है, जो कि लक्ष्य का 92.9 प्रतिशत है। टीबी के प्रिवेंटिव इलाज में इन्दौर जिला मध्य प्रदेश में दूसरे स्थान पर है।
- सिवनी मे विगत 18 मई से "जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान चलाया जा रहा है।
- मैहर, अमरपाटन और रामनगर के कुल 35 ग्रामों में पीएम जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष शिविरों में हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं लाभ दिया जा रहा है।
- जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह आज खंडवा जिले के ग्राम रोशनी में "कृषि, मत्स्य एवं पर्यटन के समेकित मॉडल" का शुभारंभ करेंगे।
- नीमच कलेक्टर ने कल साप्ताहिक समीक्षा बैठक में मातृ स्वास्थ्य, उपार्जन और ईंधन आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।
- हरदा में कल विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर में छात्र-छात्राओं को नालसा और सालसा की विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई।
- इंदौर आरटीओ और जिला प्रशासन की टीम ने कल बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकाल में सुगम निकास व्यवस्था की जांच के दौरान आठ बसों से 2 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना वसूला।
- झाबुआ जिले के कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने कल पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक में पेट्रोल पंपों के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए।

-------------